# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, दैनिक जागरण,हिंदुस्तान,आईनेक्स्ट,जनसन्देश टाइम्स ,," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 30.07.2025

### कैंट से 14 किमी दूर मोहनसराय में 387 बिस्वा में अस्थायी रूप से स्थानांतरित होगा रोडवेज

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** बनारस का कैंट रोडवेज अब अपने स्थान से 14 किलोमीटर दूर मोहनसराय में शिफ्ट होगा। यहां 387 बिस्वा (12 एकड़) में अस्थायी रूप से रोडवेज स्टेशन बनाया जाएगा। वहीं, कैंट के विजयनगर स्थित चौधरी चरण सिंह रोडवेज को विश्वस्तरीय टर्मिनल बनाया जाएगा। मंगलवार को बनारस पहुंचे प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने परेड कोठी क्षेत्र स्थित एक निजी परिसर में ये जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत कैंट रोडवेज स्टेशन का विकास किया जाएगा। तब तक इसे अस्थायी रूप से मोहनसराय में स्थानांतरित किया जाएगा। राज्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग की 48 सेवाएं ऑनलाइन होंगी। इसमें व्हीकल टैक्स, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, परमिट आदि शामिल हैं। इन सेवाओं को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से जोड़ा जाएगा। प्रदेश में 1.5 लाख सीएससी में काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखकर बेड़े में ई-बसें भी शामिल की जाएंगी। इस दौरान दयाशंकर सिंह ने परिसर में पौधरोपण भी किया।

### 12 करोड़ से शहर में बनेंगे 50 स्मार्ट बस स्टैंड

*वाराणसी। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार और संवर्धन के लिए मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बैठक की। उन्होंने बताया कि अवस्थापना निधि के 12 करोड़ से 50 स्मार्ट बस स्टैंड बनाए जाएंगे। इसमें नगर निगम की मदद ली जाएगी। वीडीए ने बस स्टैंड के डिजाइन मॉड्यूल चयनित कर लिए हैं। इन बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए आरामदायक सीट होंगी। एकीकृत छत होगी। बस स्टैंड पर सूचना पैनल भी होगा जो बस के मार्गों और समय-सारिणी को प्रदर्शित करेगा। डिजिटल एलईडी बोर्ड होगा जिस पर बस के आगमन और प्रस्थान का समय प्रदर्शित होगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसी कैमरे भी लगे होंगे और वाई-फाई की सुविधा भी होगी। साथ ही मोबाइल चार्जिंग सॉकेट भी होंगे। ब्यूरो*

***यहां बनेंगे बस स्टैंड :*** *लंका बीएचयू, रविदास घाट, पहलवान लस्सी, रविंद्रपुरी पार्क, रविंद्रपुरी चौराहा, किनाराम आश्रम, भेलूपुर चौराहा, संकुलधारा पोखरा, जल कल विभाग, रथयात्रा चौराहा, कुबेर कॉम्प्लेक्स, नगर निगम, सिगरा स्टेडियम, काशी विद्यापीठ रोप-वे स्टेशन, कैंट बस स्टॉप, कैंट अंडरपास, राजाबाजार, चौकाघाट, अंधरापुल, तेलियाबाग, लहुराबीर, आर्य इंटर कॉलेज, गिरिजाघर क्रासिंग,मकबूल आलम रोड, पुलिस लाइन चौराहा, जेपी मेहता, भोजूबीर, महाराणा प्रताप चौक, शिवपुर, हरहुआ क्रॉसिंग, एयरपोर्ट रोड, पहड़िया मंडी, शिव सर्जिकल हॉस्पिटल, मवईया पोखरा, जवाहर लाल नेहरू कॉम्प्लेक्स।*

## दैनिक जागरण –दि0 30.07.2025

### 50 स्थानों पर बनेंगे स्मार्ट बस शेल्टर

**जासं, वाराणसी :** पर्यटकों के लिए परिवहन व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर वीडीए 12 करोड़ रुपये से शहर के 50 स्थानों पर स्मार्ट बस शेल्टर (बस स्टैंड) बनाएगा। बस स्टैंड पर वाई–फाई, बस के आने–जाने की डिस्प्ले बोर्ड, यात्रियों के बैठने के साथ साइकिल स्टैंड अलग से बनाया जाएगा। कोई यात्री साइकिल से आता है तो वह स्टैंड में जमा कर सकेगा। दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी बनाएं जांगे। वहां सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। भविष्य में सिटी कमांड सेंटर से भी जोड़ा जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सचिव डा. वीपी मिश्रा व निर्माण विभाग के अभियंताओं संग बैठक की।

**चिह्नित स्थान:** लंका बीएचयू, रविदास घाट एक और दो, रविंद्रपुरी पार्क एक और दो, रविंद्रपुरी चौराहा एक और दो, किनाराम आश्रम, ब्राडवे होटल, भेलूपुर क्रासिंग, संकुलधारा, जलकल विभाग, रथयात्रा चौराहा, कुबेर काम्प्लेक्स रथयात्रा, नगर निगम एक और दो, संपूर्णानंद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, काशी विद्यापीठ रोपवे स्टेशन, काशी विद्यापीठ–एक, कैंट बस स्टैंड, कैंट अंडरपास, राजा बाजार रोड, चौकाघाट, अंधरापुल, तेलियाबाग क्रासिंग एक और दो, लहुराबीर क्वींस कालेज, आर्य महिला इंटर कालेज, गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल, मकबूल आलम रोड एक और दो, पुलिस लाइन चौराहा, जेपी मेहता इंटर कालेज आदि स्थान।

## दैनिक जागरण –दि0 30.07.2025

### वीडीए के जोन पांच का प्रकाश को अतिरिक्त प्रभार

वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने जोन पांच के जोनल अधिकारी को जेल जाने के बाद जोन दो के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार को अतिरिक्त प्रभार दिया है। उन्होंने बताया कि जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार की तैनाती कर दी गई है। जल्द ही अन्य कर्मियों की तैनाती कर दी जाएगी जिससे प्रवर्तन कार्रवाई में तेजी आए। (जासं)

## हिन्दुस्तान –दि0 30.07.2025

### शहर में बनेंगे 50 स्मार्ट बस शेल्टर, होंगी कई सुविधाएं

**सौगात**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में 50 स्मार्ट बस शेल्टर बनाए जाएंगे। 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले कुछ बस शेल्टरों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइंट भी बनेंगे। मंगलवार को वीडीए प्रशासन ने अवस्थापना निधि से राशि स्वीकृत की। नगर निगम की सहमति के बाद बस शेल्टरों के स्थानों को भी चिन्हित किया गया है।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक में बस शेल्टरों की विभिन्न डिजाइनों, राजस्व मॉडल, संचालन एवं प्रबंधन पर चर्चा हुई। इन बस शेल्टरों में यात्रियों के लिए अर्गोनॉमिक्स विधि से तैयार सीटें बनाई जाएंगी, जो उनके लिए आरामदायक होंगी। बस शेल्टरों पर सोलर पैनल लगेंगे। स्मार्ट बसों की जानकारी के लिए सूचना बोर्ड और समय सारिणी लगेगी। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगेंगे। साथ ही मोबाइल फोन, लैपटॉप के लिए चार्जिंग पॉइंट लगे होंगे।

**इन स्थानों पर शेल्टरों का होगा निर्माण**

लंका–बीएचयू मार्ग, रविदास घाट, लंका–रवींद्रपुरी मार्ग, रवींद्रपुरी पार्क, रवींद्रपुरी चौराहा, बाबा कीनाराम आश्रम, ब्रॉडवे होटल, भेलूपुर क्रॉसिंग, शंकुलधारा तालाब, जलकल मुख्यालय, रथयात्रा चौराहा, नगर निगम मुख्यालय, सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, काशी विद्यापीठ रोप–वे स्टेशन, काशी विद्यापीठ, कैंट स्टेशन, राजा बाजार, चौकाघाट, अंधरापुल, तेलियाबाग, लहुराबीर (क्वींस इंटर कॉलेज) आर्य महिला इंटर कॉलेज, गिरजा घर, मकबूल आलम रोड, पुलिस लाइन चौराहा, जेपी मेहता, भोजूबीर क्षेत्र, शिवपुर, तरना, हरहुआ, एयरपोर्ट रोड, पहड़िया मंडी, मवइया पोखरा।

आईनेक्स्ट –दि0 30.07.2025

पब्लिक की सुरक्षा को लेकर वीडीए ने पॉलिसी बनाने के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव

# जर्जर फ्लैटों का रीडेवलपमेंट करेगा वीडीए, यूजर्स को दिया जाएगा फेयर

**GOOD NEWS** वीडीए के 4 हजार फ्लैट, रीडेवलपमेंट पीरियड के दौरान फेयर देने का प्रस्ताव सरकार को भेजा

varanasi@inext.co.in

VARANASI (29 July): वीडीए द्वारा बनाई गई कॉलोनियों और फ्लैट की स्थिति काफी खराब है. खबर में दिए गए दो केस से यह स्पष्ट है. फ्लैटों का मेंटेनेंस न होने की वजह से कई लोग जर्जर फ्लैट में रहने को मजबूर हैं. यह फ्लैट करीब 30 साल पुराने हैं. उस समय किसी ने एक रूम का फ्लैट 49 हजार रुपए में लिया था तो किसी ने दो रूम का फ्लैट सवा लाख रुपए में लिया था. सभी को फ्लैट किस्तों में दिया गया था. ऐसे जर्जर फ्लैटों को रीडेवलपमेंट के लिए वीडीए ने प्रस्ताव बनाकर भेजा है.

### रेंट चुकाएगा वीडीए

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया, पुराने फ्लैटों के रिडेवलपमेंट करने की योजना है. इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है. इसमें पुराने फ्लैट में जो लोग रह रहे हैं. वह अगर कहीं रेंट पर रूम लेकर रहते हैं तो उनको रेंट भी वीडीए की तरफ से दिया जाएगा. ऐसी पॉलिसी बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है.

### लोग खुद करा रहे मरम्मत

वीडीए के पुराने फ्लैटों की संख्या 4 हजार से अधिक है. यह फ्लैट बड़ी गैबी, कोनिया, गंगानगर कालोनी, प्रेमचन्द नगर, दुर्गाकुंड, सिगरा, कॉटन मिल, संजय नगर, लालपुर, बड़ालालपुर समेत कई एरिया में हैं. 30 साल पुरानी इन कॉलोनियों के फ्लैट की हालत काफी खराब है. लोग अपने रुपए लगाकर फ्लैटों की मरम्मत कराकर रह रहे हैं.

**SCENE 1**

कोनिया के रहने वाले रामू वीडीए कॉलोनी में कई सालों से रह रहे है. वहां कई फ्लैट मैंटेन न होने की वजह से जर्जर हाल में है. कई बार वीडीए के अधिकारियों से पत्राचार किया गया, लेकिन फिलहाल टूटे-फूटे रूम में ही रहने को विवश है.

**SCENE 2**


बड़ी गैबी के रहने वाले सत्येन्द्र कुमार भी वीडीए कॉलोनी में पिछले कई सालों से रह रहे हैं. बड़ी गैबी में वीडीए कॉलोनी 30 साल पहले डेवलप की गयी थी. अब स्थिति काफी खराब है. किसी की दीवार चटक गयी तो कहीं छतों से प्लास्टर छूट रहा है. मेंटेनेंस के अभाव में कई फ्लैट में ताला बंद है.



जर्जर फ्लैटों के रिडेवलपमेंट के लिए सरकार को पॉलिसी बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है. पास होने के बाद जर्जर फ्लैटों का रिडेवलपमेंट किया जाएगा. पॉलिसी के तहत जो भी होगा. उसे किया जाएगा.

पुलकित गर्ग,
वीडीए वीसी

PICS: DAINIK JAGRAN INEXT



संजयनगर में वीडीए कालोनी की जर्जर स्थिति.

**4** हजार से अधिक है फ्लैटों की संख्या | **30** साल पुराने फ्लैटों की स्थिति खराब | **49** हजार में भी लिया था फ्लैट



रवीन्द्रपुरी स्थित जर्जर फ्लैट्स.

### कई फ्लैट की स्थिति है खराब

कॉलोनी की बाउंड्री को तोड़ दिया गया है. इसे पुन: निर्माण करने की जरूरत है. बाउंड्रीवॉल का निर्माण होने से लोग सुरक्षित रहेंगे. कई फ्लैट की स्थिति काफी खराब है. इसे मेंटेनेंस की जरूरत है.

अभिनव वर्मा,
वीडीए कॉलोनी

वन बीएचके फ्लैट निम्न आय वर्ग के लिए वीडीए ने एलॉट किया, परन्तु कई लोगों के किस्त टूट जाने पर 18 परसेंट चक्रवृद्धि ब्याज लगाने से बकाया लाखों में हो गया. अत: ब्याज माफ किया जाए और फ्लैट की मरम्मत भी की जाए.

ओम प्रकाश,
बड़ी गैबी

ठेकेदारों ने घटिया निर्माण कार्य कराये हैं, जिससे कई फ्लैट जर्जर हालात में हैं. इन फ्लैटों की मरम्मत कराई जाए व बाहरी दीवारों का प्लास्टर व रंगाई कराई जाए, जिससे फ्लैटों की स्थिति देखने लायक बन सके.

सत्येंद्र कुमार,
बड़ी गैबी

**फैक्ट एंड फीगर...**

**4 हजार से अधिक फ्लैट शहर में.**
बड़ी गैबी, कोनिया, अशोक विहार, प्रेमचन्द नगर, सिगरा, दुर्गाकुंड और बड़ालालपुर में है फ्लैट


BREAKING NEWS
सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट
जुड़िए हमारे वाट्सएप चैनल से
Scan करें यह QR code और follow करें हमारा चैनल.

जनसंदेश टाइम्स –दि0 30.07.2025

## अवैध निर्माण पर वीडीए सख्त

वाराणसी। अवैध निर्माण पर वीडीए इन दिनों सख्त है। अभियान चलाकर जहां ऐसे लोगों की जांच कर रही है। वहीं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी कर रही है। इसको लेकर वीडीए की टीम पुलिस फोर्स के संग अचानक नगवां वार्ड में पहुंची। जहां सामने घाट के मारुती नगर स्थित नाला के पास 900 वर्ग फीट में किए गंए अवैध निर्माण को देखा और पूछताछ की। इस दौरान विभाग ने बिना ले आउट स्वीकृति कराए निर्माण को जहां ध्वस्त कर दिया,वहीं निर्माणकर्त्ता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। इस अवसर पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार एवं अवर अभियंता आदर्श निराला सहित भरी पुलिस बल के लोग उपस्थित रहे।